Daily COVID-19 Updates

24 June, 2020





COVID-19 Tracker
As on 24th June, till 8 AM
Confirmed Cases
456,183
(▲15,968)
Active Cases
183,022
(▲5,008)
Cured*
258,685
(▲10,495)
Deaths
14,476
(▲465)
No. of Cases
0 - 500
501 - 2000
2001 - 10000
10001 - 20000
20000+
Deaths
Statewise - Confirmed Cases (3000+)
MAHARASHTRA 139,010 (▲3214)
DELHI 66,602 (▲3947)
TAMIL NADU 64,603 (▲2516)
GUJARAT 28,371 (▲546)
UTTAR PRADESH 18,893 (▲571)
RAJASTHAN 15,627 (▲395)
WEST BENGAL 14,728 (▲370)
MADHYA PRADESH 12,261 (▲183)
HARYANA 11,520 (▲495)
ANDHRA PRADESH 10,002 (▲630)
KARNATAKA 9,721 (▲322)
TELANGANA 9,553 (▲879)
BIHAR 8,153 (▲328)
JAMMU & KASHMIR 6,236 (▲148)
ASSAM 5,831 (▲245)
ODISHA 5,470 (▲167)
PUNJAB 4,397 (▲162)
KERALA 3,451 (▲141)
Previous Cases
Cases in Last 24 hrs
Cured vs. Deaths
69,631
6,531
39,313
2,301
35,339
833
20,513
1,710
12,116
588
12,213
365
9,218
580
9,335
525
6,498
178
4,599
119
6,004
150
4,224
220
6,104
56
3,642
87
3,762
9
3,988
17
3,047
105
1,809
22
Death
Cured
*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs
@COVIDNewsByMIB

कोरोना वायरस से निपटने के साथ ही आत्मनिर्भरता की ओर भी भारत ने कदम बढ़ा दिए हैं

पूरा विश्व के समक्ष वर्तमान में कोरोना वायरस सबसे बड़ा संकट है और एक तरफ जहाँ विश्व के विकसित देश भी इसके बढ़ते प्रकोप से बच नहीं पाए हैं. वहीं दूसरी तरफ भारत ने इस वैश्विक संकट में हर किसी को इससे निपटने की अपनी शैली से प्रभावित किया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने स्वयं इससे मुकाबले में खुद को खपा दिया है. इसी का नतीजा है कि ऐसे संकट में भी पूरा विश्व उनके नेतृत्व का लोहा मान रहा है और उनकी लोकप्रियता इस दौरान भी निरंतर बढ़ती गई है. कोरोना से संक्रमित मरीजों के ठीक होने की दर का 56 प्रतिशत तक पहुँच जाना इस कुशल नेतृत्व का परिचायक है. गौरतलब है कि अब देश में हर रोज 3 लाख लोगों की टेस्टिंग हो रही है. इस संकट के दौर में भारतीय रेलवे ने भी अपनी महती भूमिका निभाते हुए अबतक 10 लाख से अधिक प्रवासी मजदूरों को उनके गंतव्यों तक पहुँचाया है. जब पूरा विश्व इस महामारी से जूझ रहा है तब अर्थव्यवस्था को भी सँभालना अति आवश्यक हो जाता है. इस मोर्चे पर भी मोदी सरकार ने गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से गरीबों को सहारा दिया है. हाल ही में देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20 लाख करोड़ रुपए का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित किया गया था. इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था को सहारा देने के साथ ही एक 'आत्मनिर्भर भारत' का निर्माण करना भी था. जिसका पूरा ब्यौरा देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दिया गया. इस विशेष आर्थिक पैकेज के अंतर्गत किसानों, श्रमिकों, ग़रीब वर्ग, लघु व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, कोयला, खनन, बिजली, दूरसंचार आदि क्षेत्रों के लिए कई विशेष उपायों की घोषणा की गई. जिससे आने वाले कुछ वर्षों में सकारात्मक आर्थिक परिणाम देखने को मिलेंगे. मनरेगा के तहत 40,000 करोड़ रूपए की अत्यधिक राशि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगी. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग देश में कृषि क्षेत्र के बाद सबसे अधिक रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराता हैं, अतः इन क्षेत्रों का

विशेष ध्यान रखते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने घोषणा की है कि बैंकों द्वारा इन्हें 3 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त ऋण प्रदान किये जाएँगे, जिसकी गारंटी केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी. इसके अतिरिक्त रक्षा क्षेत्र में एफडीआई को बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र में नौकरियों का सृजन होने के साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और देश नए आधुनिक हथियारों का निर्माण कर सकेगा, जो राष्ट्र सुरक्षा की दृष्टि से भी आवश्यक है. गौरतलब है कि देश में पीपीई मॉडल के तहत एअरपोर्ट, सरकारी संस्थाओं का निजीकरण और पॉवर के क्षेत्र में लिए गए निर्णय तथा एटॉमिक रिसर्च सेंटर का निर्माण आदि ये सभी कदम भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करने में सहायक होंगे.

Positive India:

1. India Coronavirus Testing: टेस्टिंग क्षमता बढ़ी, रोजाना तीन लाख सैंपल हो सकते हैं जांच - ICMR- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-testing-capacity-has-been-increased-to-3-lakh-per-day-says-icmr-20429975.html

2. Coronavirus : आइसीएमआर का निर्देश, लक्षण वाले लोगों की बढ़ाई जानी चाहिए जांच- https://www.jagran.com/news/national-icmr-says-that-covid-19-testing-should-be-available-to-symptomatic-patients-20429898.html

3. Coronavirus India: 24 घंटे में कोरोना के करीब 16 हजार नए मामले, 10,494 हुए ठीक- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-updates-highest-spike-of-15968-new-coronavirus-cases-in-last-24-hours-20429657.html

4. वंदे भारत मिशन का तीसरा चरण, विदेश में फंसे 1.25 लाख भारतीय लौटे स्वदेश- https://www.jagran.com/news/national-vande-bharat-mission-125000-indians-returned-from-overseas-20429694.html

5. नीति आयोग के सदस्य बोले- अस्पतालों को जरूरतमंदों तक पहुंचानी होगी एंबुलेंस, करनी होगी देखभाल- https://www.jagran.com/news/national-niti-aayog-member-says-hospitals-will-have-to-provide-ambulances-to-the-needy-20429565.html

6. Coronavirus in Karnataka: पुलिसकर्मियों के कोरोना टेस्ट के लिए विशेष केंद्र बनाने की तैयारी- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-in-karnataka-setting-up-covid-testing-centre-for-cops-says-cm-yediyurappa-20429484.html

7. कर्नाटक में बनाए जाएंगे फीवर क्लीनिक, मरीजों को 24x7 मिलेगी सुविधा- https://www.jagran.com/news/national-karnataka-government-to-establish-fever-clinic-and-patients-can-get-service-24-hours-20429477.html

8. आइसीएमआर ने कहा, कोरोना टेस्ट कराने में अस्पतालों की मदद करे प्रशासन- https://www.jagran.com/news/national-icmr-said-administration-should-help-hospitals-in-getting-corona-test-20428767.html

9. कोरोना: जल्द शुरू होगा रेमेडिसविर के इनहेल्ड वर्जन के लिए क्लीनिकल टेस्ट- https://www.livehindustan.com/national/story-corona-virus-clinical-test-for-inhaled-version-of-remedisvir-to-begin-soon-3302149.html

10. ITBP ने दिल्ली के सबसे बड़े कोविड-19 केयर सेंटर का जिम्मा संभाला, 26 जून से शुरू होगा सेंटर- https://www.livehindustan.com/ncr/story-itbp-takes-over-largest-covid-19-care-center-in-delhi-3302613.html

11. देश में प्रति लाख पर कोरोना मृत्यु दर दुनिया में सबसे कम, रिकवरी रेट 56% से ज्यादा: केंद्र- https://www.livehindustan.com/national/story-coronavirus-death-rate-low-in-india-recovery-rate-over-56-percent-says-health-ministry-3301808.html

India Fights Corona (Updates):

- भारत में पिछले 24घंटे में COVID19 के सर्वाधिक 15,968 नए मामले सामने आए और 465 मौतें हुईं। देश में अब कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 4,56,183 है, जिनमें 1,83,022 सक्रिय मामले, 2,58,685 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले और 14,476 मौतें शामिल हैं:स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

- 23 जून तक कुल 73,52,911 सैंपल का टेस्ट किया गया। पिछले 24 घंटों में 2,15,195 सैंपल टेस्ट किए गए: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

- ओडिशा में 282 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 5752 हो गई है जिसमें से 1740 सक्रिय मामले हैं और 3988 ठीक हो चुके मामले हैं: ओडिशा सूचना और जनसंपर्क विभाग

- राजस्थान में आज कोरोना वायरस से 7 मौतें हुईं और 182 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 15,809 है, जिसमें 3,013 सक्रिय मामले और 372 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- आज दिल्ली में दो मॉडल हैं एक अमित शाह जी वाला मॉडल जिसमें हर आदमी को पॉजिटिव आने पर क्वारंटीन सेंटर जाना जरूरी है, दूसरा अरविंद केजरीवाल जी वाला मॉडल है जिसमें कोविड-19 पॉजिटिव आने पर मेडिकल की टीम उस व्यक्ति के घर पर आएगी: दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

- पिछले 24 घंटों में आंध्र प्रदेश में कोरोना वायरस के 497 नए मामले सामने आए हैं और 10 मौतें हुई हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 10,331 है जिसमें 5,423 सक्रिय मामले, 129 मौतें और 4,779 डिस्चार्ज हो चुके मामले शामिल हैं: राज्य कमांड कंट्रोल रूम

- पतंजलि के कोरोना की दवा बनाने के दावे पर केंद्रीय आयुष मंत्रालय के रिपोर्ट मांगने के बाद उत्तराखंड सरकार के आयुर्वेद विभाग ने पतंजलि के दावों को गलत बताते हुए नोटिस जारी किया है: वाई.एस. रावत, लाइसेंस ऑफिसर उत्तराखंड आयुर्वेद विभाग

- दिल्ली: कोरोना वायरस महामारी में दिल्ली पुलिस मास्क न लगाने वाले लोगों से जुर्माना वसूल रही है। दिल्ली पुलिस मास्क न लगाने पर धारा 188 में पहली बार 500 रुपये और दूसरी बार 1,000 रुपये का जुर्माना लगा रही है।

- पुडुचेरी में COVID19 के 15 नए पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। कुल मामलों की संख्या 402 हो गई है जिसमें 165 रिकवर और 9 मौतें शामिल हैं: पुडुचेरी स्वास्थ्य विभाग

- उत्तराखंड में आज 31 COVID19 पॉजिटिव केस, 1 की मौत, 61 ठीक/ रिकवर मामले दर्ज़ किए गए। राज्य में कुल पॉजिटिव मामले 2535 हो गए हैं, जिनमें से 30 लोगों की मौत और 1602 लोग डिस्चार्ज किए गए हैं: उत्तराखंड राज्य कंट्रोल रूम

- उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 576 नए COVID19 पॉजिटिव केस, 515 मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज और 19 मौतें रिपोर्ट की गईं। राज्य में सक्रिय

मामलों की संख्या 6189 है, मौत का आंकड़ा बढ़कर 588 और अब तक डिस्चार्ज लोगों की संख्या बढ़कर 12,116 हो गई है: यूपी सरकार

- नागपुर स्थित राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान के कोविड जांच केंद्र में कोरोनावायरस के अब तक 3 हजार से अधिक नमूनों की जांच की गई है।

- देश में एक दिन में कोविड19 के 2 लाख मामलों की जांच करने का आज एक नया रिकॉर्ड बनाया गया है। तीन महीने पहले यह आंकड़ा प्रतिदिन 100 मामलों की जांच का था।

- बिहार में पिछले 24 घंटों में 157 लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि होने के साथ ही राज्य में संक्रमित लोगों की संख्या 8,050 हो गई है।

- सरकारी कोविड अस्पतालों में मेड इन इंडिया वेंटिलेटर की आपूर्ति के लिए पी एम कैयर्स फंड से दो हजार करोड रुपए आवंटित.

Covid-19 Updates (Worldwide)

- The death toll stands at 477,117 from 9,263,743 recorded cases across the globe, with Europe the worst-hit region with 193,800 dead, but the pandemic is spreading through Latin America where 100,378 have died : AFP

- Immunization dropped 49% in April due to COVID19 pandemic in Bangladesh: UNICEF

- UAE Ministry of Health and Prevention detects 380 new coronavirus cases, bringing the total number of cases to 45,683.

- The first healthy volunteer has received a potential coronavirus vaccine developed by researchers at Imperial College, London is in good health, with no safety concerns.

- Airport services group Swissport says to axe over 4,000 UK jobs amid Coronavirus pandemic.

- Russian President Putin announces income tax increases after coronavirus crisis.

- South Africa said it had over 100,000 coronavirus cases, the highest in the continent, while the number of deaths inched towards 2,000.

पीएम मोदी की पहल, स्वावलंबी गांव के आधार पर ही सशक्त भारत का सपना होगा साकार

आज भले ही कोरोना जनित महामारी और उससे पैदा हालात के कारण सभी आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने की राह पर अग्रसर हैं, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पिछले कार्यकाल में ही गांवों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में निर्णायक पहल कर दी थी। प्रधानमंत्री ने अपने पिछले कार्यकाल में ही आदर्श ग्राम की योजना प्रस्तुत करते हुए सभी सांसदों से इस योजना को मूर्त रूप देने का आग्रह किया था। नेतृत्व, जनप्रतिनिधि और सरकार के स्तर पर यह योजना फिलहाल सुप्तावस्था में है, किंतु इस 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' में अपार संभावनाएं निहित हैं। आदर्श ग्राम योजना की इन संभावनाओं को चुनौती के रूप में स्वीकार करने का वक्त है। भारतीय गांव यहां के शहरों की सभी जरूरतें पूरी करते रहे हैं, लेकिन भारत अब गरीब हो रहा है, क्योंकि गांव स्वावलंबी नहीं रहे, स्वावलंबी गांव यानी वह गांव जो अपनी सभी जरूरतें स्वयं ही पूरी कर ले, कोई भी सामग्री बाहर से लाने की स्थिति न हो। प्राकृतिक संसाधनों का समुचित प्रबंधन होता हो। गांव न्याययुक्त और अपराध मुक्त हो। हर गांव का अपना वैविध्य और वैशिष्ट्य हो। प्रत्येक गांव का अपना वैद्य, शिक्षक, शिल्पकार और न्यायविद हो। हर गांव का अपना विशेष धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र हो। शिक्षा और ज्ञान के मामले में हर गांव की अपनी विशिष्ट पहचान हो। गांवों को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकारी स्तर पर चरणबद्ध योजनाओं को अंजाम देना होगा। प्रथम चरण में सभी स्तरों के जनप्रतिनिधियों से राज्य सरकार और केंद्र सरकार की सभी संबंधित योजनाओं को इन गांवों में कार्यान्वित किया जा सकता है। दूसरे चरण में गांव की विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक पहचान के आधार पर उस गांव को विकसित करने का आधार प्रदान किया जाए। तीसरे चरण में गांव की पहचान और मुख्य प्रवृत्तियों को स्थापित करने और उन्हें निरंतरता देने की पद्धति विकसित की जाए।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-initiative-by-pm-modi-dream-of-a-strong-india-will-be-realized-only-on-the-basis-of-self-supporting-village-jagran-special-20429852.html



Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey